an>

Title: Need to provide under-bridge or over-bridge on roads intersecting roads constructed under Goldern Quadrilateral Project particularly in Damoh parliamentary constituency, Madhya Pradesh.

श्री प्रहलाद सिंह पटेल (दमोह) ः देश की महत्वपूर्ण एवं महत्वाकांक्षी सड़क योजना स्वर्णिम चतुर्भुज सड़क का उत्तर-दक्षिण कॉरिडोर मेरे संसदीय क्षेत्र दमोह (मध्य प्रदेश) से गुजरता है। यह अत्यंत तीव्र गति वाली सुन्दर सड़क है, लेकिन यू.पी.ए. सरकार के कार्यकाल में निर्माण के दौरान कुछ तकनीकी खामियां उजागर हुई हैं, जिन्हें ठीक करने की अतिशीघ्र आवश्यकता है। जैसे गौरझामर से केसल मार्ग इस सड़क को पार करता है लेकिन भूमिगत पुल या उपरिपुल न होने के कारण दुर्घटनायें हो रही हैं। देवरी तहसील मुख्यालय है, वहां भी यही स्थिति है। अनेक बड़े-बड़े गांव एवं बड़ी आबादी तक जाने वाली सड़कें इस मार्ग से जुड़ती हैं, पर वहां अंडरब्रिज (भूमिगत पुल) या ओवर ब्रिज (उपरिपुल) नहीं है, जो इस परियोजना की मुख्य तकनीकी सावधानी थी।

अतः मेरा माननीय सड़क, परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री जी से अनुरोध है कि सम्पूर्ण उत्तर-दक्षिण कॉरिडोर के ऐसे व्यवधानों को समाप्त करें। ऐसे व्यवधान मेरी जानकारी में सिवनी, नरसिंहपुर, सागर, ललितपुर एवं झांसी जिलों में मौजूद हैं।